सत्यमेव जयते

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
Dept. of Official Language, MHA, GOI

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), बेंगलूरु
Town Official Language Implementation Committee (Banks), Bengaluru
संयोजक Convener
केनरा बैंक Canara Bank
प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु Head Office, Bengaluru

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), बेंगलूरू की 71वीं अर्धवार्षिक बैठक

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), बेंगलूरू का संयोजन केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय को सौंपने के बाद केनरा बैंक के नेतृत्व में पहली बार दिनांक 29.07.2021 को नराकास (बैंक), बेंगलूरू की 71वीं अर्धवार्षिक बैठक केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय के बोर्ड रूम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री एल वी प्रभाकर, अध्यक्ष, नराकास (बैंक) बेंगलूरु एवं प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केनरा बैंक ने की । श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (दक्षिण) , राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने नराकास (बैंक), बेंगलूरू के सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा की एवं कार्यान्वयन की गति पर हर्ष व्यक्त किया। ऑनलाइन माध्यम से सभी सदस्य कार्यालय जुड़े थे। श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केनरा बैंक व नराकास अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों की सहायता से राजभाषा कार्यान्वयन को एक नई दिशा मिलेगी। श्री एच एम बसवराज, सदस्य सचिव, नराकास (बैंक), बेंगलूरू ने बैठक का संचालन करते हुए नराकास सदस्य कार्यालयों की गतिविधियों की प्रस्तुति दी तथा वर्ष 2020-21 के लिए राजभाषा पुरस्कार योजना के तहत “राजभाषा सम्मान” पुरस्कारों की घोषणा। घोषणा करने पर विजेताओं ने अपने शील्ड प्रदर्शित किए। श्री शंकर एस, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने स्वागत संबोधन दिया। इस मौके पर श्री देवाशीष मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक, श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्री आलोक अग्रवाल, महा प्रबंधक, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का सचिवालय उपस्थित थे। बैठक के दौरान नराकास (बैंक), बेंगलूरू की पत्रिका “प्रयास” के 43वें अंक का विमोचन श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, केनरा बैंक द्वारा किया गया । साथ ही नराकास (बैंक), बेंगलूरु द्वारा हमारे प्रधान कार्यालय को प्रदत्त नराकास शील्ड (2020-21) को औपचारिक रूप से श्री कुमार पाल शर्मा, उप निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कर कमलों से श्री एल वी प्रभाकर, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्राप्त किया। श्री बिबिन वर्गीस, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग, केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय ने दिया।

Canara Bank
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), बेंगलूरु
Town Official Language Implementation Committee (Banks), Bengaluru
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार
Dept. of Official Language, Ministry of Home Affairs, GOI
71 वीं अर्धवार्षिक बैठक
FIRE EXIT

FIRE EXIT